अमर उजाला (Amar Ujala)

दिनाँक (Dated): 23/7/2023	पृष्ठ सं0 (Page No). 12	क्रम सं0(Serial No.) 12

हवाईअड्डों की सुरक्षा होगी मजबूत यात्रियों पर रखी जा सकेगी निगरानी

गृह मंत्री ने केंद्रीकृत विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का किया उद्घाटन

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केंद्रीकृत विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र (एएससीसी) का उद्घाटन किया। यह वर्तमान में सीआईएसएफ के सुरक्षा घेरे में आने वाले 66 नागरिक हवाईअड्डों के लिए सभी खतरों और सोशल मीडिया चैट की निगरानी करेगा। इसकी पहुंच यात्रियों और हवाई यातायात के 24x7 वास्तविक समय डाटा निगरानी और प्रवृत्ति विश्लेषण तक होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सुरक्षा बल है। जो देश के कुल 134 परिचालन में से 66 यात्री हवाईअड्डों की सुरक्षा करता है।

सीआईएसएफ ने कहा, एएससीसी आपात स्थिति से निपटने के लिए डाटा सेंटर, अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला और एक युद्ध कक्ष जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से लैस है। केंद्र को इन 66 हवाईअड्डों पर कार्यरत प्रत्येक सुरक्षा संचालन नियंत्रण केंद्र (एसओसीसी) से वास्तविक समय की फीड मिलेगी, जिसमें दिल्ली, मुंबई, बंगलूरू, जम्मू, श्रीनगर और अमृतसर में अत्यंत व्यस्त और अति संवेदनशील नागरिक उड्डयन सुविधाएं शामिल हैं। ये हवाईअड्डों पर बम की धमकी वाली कॉल, वीवीआईपी गतिविधियों, अन्य प्रमुख घटनाओं, यात्री निकासी समय, सुरक्षा उपकरणों के उपयोग और कतार प्रबंधन प्रणालियों की निगरानी भी करेगा। ब्यूरो

एएससीसी के उद्घाटन के दौरान शाह।